अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 9 फरवरी 2024
माघ कृष्ण-चतुर्दशी/अमावस्या
विक्रम संवत-2080

PAGE NO. 5 : BOTTOM

भारतीय संगीत, कला को संरक्षित करने का प्रयास है रिद्धिमा

बरेली। स्वतंत्रता सेनानी राममूर्ति की 114वीं जयंती पर बुधवार को रिद्धिमा का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति ने राममूर्ति को याद करते हुए कहा कि बाबूजी की याद में नृत्य, संगीत, कला, अभिनय को समर्पित रिद्धिमा की स्थापना की गई।

प्रयास कर रहे हैं कि इसके माध्यम से भारतीय संगीत और कला को संरक्षित कर सकें। इस दौरान गायन गुरुओं ने सरस्वती वंदना, संस्थान गीत व कथक गुरुओं के साथ विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

थिएटर के कलाकारों ने तलाश अर्जुन की नृत्य नाटिका पेश कर वाहवाही लूटी। चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस दौरान डा. अनुज कुमार, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, श्यामल गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद